हरिभूमि

# रेवाड़ी भूमि

रोहतक, शनिवार, 15 जून 2024


तापमान

अधिकतम 44 .2 डिग्री
न्यूनतम 37 .5 डिग्री


11 रोटरी क्लब ऑफ रेवाड़ी मेन व पंजाबी समाज ने लगाया ब्लड डोनेशन कैंप





12 बरसात से मौसम हुआ खुशगवार




## खबर संक्षेप

### चचेरे भाई के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज

**बावल।** खंडोड़ा में एक युवक के साथ मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने उसके चचेरे भाई के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस बयान में संदीप ने बताया कि वह अपने ताऊ के लड़के सुनील से फोन लेने के लिए उसके घर गया था। वहां जाने के बाद सुनील ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए कस्सी से हमला कर दिया। परिवार के सदस्यों ने उसका बचाव किया। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे अस्पताल पहुंचाया। बावल पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

### मारपीट व धमकी देने के तीन आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** थाना शहर पुलिस ने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की शिकायत पर 10 जून को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस ने लाधुवास अहीर निवासी कृष्ण उर्फ भोली, कृष्णा नगर निवासी दक्ष उर्फ प्रिंस व शहबाजपुर खालसा निवासी मोहित उर्फ फौजी को गिरफ्तार किया है। बाद में पुलिस ने तीनों आरोपियों को कोर्ट में पेश कर दिया।

### शटर उखाड़कर हजारों रुपये का सामान चोरी

**बावल।** नंगली परसापुर में चोर एक परचून के खोखे का शटर उखाड़कर हजारों रुपये का सामान चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत में उदयवीर ने बताया कि उसने प्राइवेवट स्कूल के पास खोखा रखा हुआ है। रात के समय चोर खोखे का शटर उखाड़कर परचून का लगभग 50 हजार रुपये का सामान चोरी कर ले गए। सुबह के समय जब वह खोखे पर गया तो उसे चोरी का पता चला। इसके बाद उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौका मुआयना करते हुए चोरी का केस दर्ज कर लिया।

### घर में घुसकर मारपीट करने के आरोपी काबू

**रेवाड़ी।** सनसिटी में घर में घुसकर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने दंपति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 10 जून को पीड़ित पक्ष के बयान पर विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में सनसिटी में रहने वाले मूल रूप से राजस्थान के कांकर निवासी पंकज और उसकी पत्नी रेखा को गिरफ्तार कर लिया। बाद में दोनों आरोपियों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### ट्रक की टक्कर से कार सवार दो घायल

**कसोला।** संगवाड़ी के पास एक ट्रक की टक्कर लगने से कार सवार चचेरे भाई घायल हो गए। लिसाना निवासी दिवान सिंह अपने चाचा के लड़क सोमवीर के साथ कार में धारूहेड़ा से घर लौट रहा था। संगवाड़ी के पास एक ट्रक ने कार को टक्कर मार दी। इस हादसे में कार क्षमितग्रस्त हो गई। वह दोनों घायल हो गए। सूचना मिलने के बाद परिजनों ने दोनों को अस्पताल पहुंचाया। दिवान सिंह को हादसे में ज्यादा चोटें आई हैं। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद चालक की तलाश शुरू कर दी।

### ट्रॉले की चपेट में आने से एक व्यक्ति घायल

**धारूहेड़ा।** मालपुरा के निकट सड़क किनारे चल रहा एक व्यक्ति ट्रॉले की चपेट में आकर घायल हो गया। राजस्थान के आमोठ निवासी रामसिंह कंपनी में काम करता है। वह मालपुरा गांव में ही किराए के मकान में रहता है। रामसिंह किसी काम से भगतसिंह चौक की ओर जाने के लिए निकला था। रास्ते में एक ट्रॉले ने उसे टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद ट्रॉला चालक की तलाश शुरू कर दी।

### शहर में जगह-जगह लगे गंदगी के ढेर, मोहल्लों व कॉलोनियों में सभी जगह नहीं पहुंच रही कचरा कलेक्शन गाड़ियां

# कचरा कलेक्शन ठेकेदार ने बिगाड़ी शहर की सफाई व्यवस्था, फिर से ठेका लेने की लगाई जा रही जुगत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

नगर परिषद की ओर से इस दिए गया डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन का ठेका शहवासियों के लिए पूरे साल परेशानी का सबब बना रहा। अगस्त माह में फर्म को दिया गया ठेका खत्म होने वाला है। दस महीनों में नगर परिषद अधिकारियों की लापरवाही व कचरा कलेक्शन ठेकेदार की सुस्ती ने शहर की सफाई व्यवस्था बिल्कुल बिगाड़ कर रख दी है। शहर की सड़कों पर एक भी डस्टबिन नहीं होने के कारण अनावश्यक कचरा प्वाइंटों की संख्या बढ़ने से कचरा इधर-उधर फैल रहा है। व्यवस्था नहीं होने के कारण लोग अपनी मनमर्जी के जगह कचरा डाल रहे है, जिससे सड़कों पर गंदगी फैल रही है। सूत्रों के अनुसार 10 महीने में कचरा कलेक्शन के लिए नगर परिषद की ओर से तय की गई शतार्् को पूरा न करने पर भी ठेकेदार की ओर से दोबारा ठेका लेने की जुगत लगाई जा रही है, जिसमें कुछ अधिकारी भी ठेकेदार का फेवर कर रहे है। शहर की आबादी बढ़ती जा रही है और कचरा कलेक्शन ठेकेदार के पास पर्याप्त गाड़ियां नहीं है। शहर के कई मुख्य मार्गो पर सड़क के किनारे लगे गंदगी के ढेर देखे जा सकते है।





रेवाड़ी। पुराना कोर्ट रोड पर जमा कचरा, अनाजमंडी में किसान भवन में जमा कचरा। फोटो :हरिभूमि

### ठेकेदार के पास नहीं पर्याप्त गाड़ियां

नगर परिषद की ओर से कचरा कलेक्शन के लिए एक साल के लिए 5 करोड़ का ठेका 16 अगस्त 2023 को छोड़ा गया था, जिसके बाद से शहर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है। ठेकेदार को कचरा कलेक्शन के लिए 10 महीने में पूरी गाड़ियों का इंतजाम तक नहीं कर पाया है। एजेंसी की ओर से आज तक 100 प्रतिशत डोर टू डोर कलेक्शन नहीं किया गया है। कचरा कलेक्शन का टेंडर लेने वाले ठेकेदार की गीला-सूखा कचरा कलेक्शन करने से लेकर डंपिंग यार्ड से भी कचरा निस्तारण तक की पूरी जिम्मेदारी है। गाड़ियां कम होने के कारण पूरे शहर का कचरा नहीं उठ पा रहा है। शहर में काफी जगह कचरा कलेक्शन की गाड़ियां ही नहीं पहुंच रही है, जिसके कारण लोग सड़कों पर कचरा डालकर अनावश्यक कचरा प्वाइंट तैयार कर रहे है।

### शहर में नहीं एक भी जगह डस्टबिन

सफाई का ठेका देने से पहले नगर परिषद की ओर से शहर में सभी जगह डस्टबिन रखे हुए थे। ठेकेदार की ओर से काम शुरू करने के बाद नगर परिषद की ओर से डस्टबिन हटा लिए गए तथा डस्टबिन से कचरा खाली करने वाले कॉम्पेक्टर को नगर परिषद कार्यालय में खड़ा कर दिया गया। ठेकेदार को ही शहर में डस्टबिन रखने थे, लेकिन ठेकेदार ने अभी तक किसी भी जगह डस्टबिन नहीं रखे है, जिससे सड़कों पर कचरा डाला जा रहा है। स्वीपिंग मशीन भी पिछले 6 माह से नगर परिषद कार्यालय में खड़ी धूल फांक रही है, जिससे चौराहों व डिवाइडरों के पास काफी मात्रा में धूल जमा हो गई है।

### सफाईकर्मी भी हुए मनमर्जी के मालिक

ठेकेदार की तरह नगर परिषद के सफाईकर्मी भी अपनी मनमर्जी के मालिक हो चुके है। कर्मचारियों की ओर से शहर में सफाई करने के बाद एकत्रित किए गए कचरे का समय पर उठान भी नहीं किया जा रहा है, जिससे कचरा वापस सड़क पर फैल रहा है। काफी बार तो कचरा उठाने में मेहनत करने की बजाय आग भी लगा दी जाती है, जिससे उठते धुएं से आसपास के लोगों को काफी परेशानी होती है।



रेवाड़ी। अंबेडकर चौक के पास सड़क पर जमा कचरा। फोटो :हरिभूमि

### मार्केट कमेटी का भी इस माह तक ठेका

नगर परिषद के साथ मार्केट कमेटी की ओर से भी अनाजमंडी, नाईवाली सब्जीमंडी व बिठवाना मंडी में सफाई व्यवस्था पर कम ध्यान दिया जा रहा है। मार्केट कमेटी का सफाई का ठेका खत्म होने में करीब 10 दिन बचे है। इससे पहले ही ठेकेदार की ओर से सफाई कर्मी कम कर दिए है, जिससे पूरी तरह सफाई नहीं हो पा रही है। नाईवाली सब्जीमंडी की सड़क पर कई-कई दिनों तक कचरे के ढेर लगे रहते है।



रेवाड़ी। समर कैंप के समापन पर बच्चों को प्रमाण पत्र वितरित करते हुए।

### रेवती फाउंडेशन के नौ दिवसीय समर कैंप का समापन

**रेवाड़ी।** रेवती फाउंडेशन की ओर से चल रहे समर कैंप का शुक्रवार को समापन हो गया। समर कैंप के समापन पर सभी बच्चों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। 9 दिन के कैंप के दौरान बच्चों को नृत्य, संगीत व अभिनय सिखाया गया। समर कैंप के समाप पर योगेश निखरी ने बच्चों को प्रमाण पत्र वितरित किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बच्चों के विकास के लिए समय-समय पर इस तरह की कार्यशाला का आयोजन अति आवश्यक है। उन्होंने संस्था के प्रशिक्षकों की सराहना की। प्रशिक्षक विक्की ने नृत्य, पुलकित शर्मा ने संगीत तथा मनोज शर्मा एवं मयंक सैनी ने बच्चों को अभिनय का प्रशिक्षण दिया। रेवती फाउंडेशन के निदेशक भगवान सिंह ने बच्चों की हौसला अफजाई की व मुख्य अतिथि को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। कार्यशाला में करीब 60 बच्चों ने भाग लिया। इस मौके पर विवेक यादव, ध्रुव दत्त, प्राशी, विपीन, स्वेता, निखिल, रितु, शालिनी, महिमा कान्हा, निश्चल, साक्षी, प्रियंका, सुमित, मुस्कान, आकाश, कुशाग्र, सांवी, लव्याणा, वेदिक, अभिनव व लविश सहित बच्चों के अभिभावक मौजूद थे।

### महिला को फोन पर मिल रही धमकियां, चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज

**रेवाड़ी।** टांकड़ी की एक महिला को अलग-अलग मोबाइल नंबरों से धमकियां देने व गाली-गलौज करने के आरोप में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए। थाना बावल पुलिस को दर्ज शिकायत में करिश्मा ने आरोप लगाया कि चरखी दादरी निवासी मुकेश, उसकी पत्नी दर्शना, पुत्र हर्ष व दो अज्ञात व्यक्ति उसे अलग-अलग नंबरों से फोन करते हुए बार-बार गाली-गलौज कर रहे हैं। यह लोग उसे जान से मारने की धमकी दे रहे हैं।

करिश्मा ने पुलिस से सुरक्षा की गुहार लगाते हुए आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उसने पुलिस को वह मोबाइल नंबर भी उपलब्ध कराए हैं, जिनसे उसे धमकियां दी जा रही हैं। बावल पुलिस ने मोबाइल नंबरों के आधार पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### गंगा दशहरा पर्व पर पांच कुंडीय महायज्ञ कल

**धारूहेड़ा।** धारूहेड़ा गायत्री शक्तिपीठ पर 16 जून को गायत्री जयंती एवं गंगा दशहरा पर्व मनाया जा रहा है। शांति कुंज हरिद्वार के प्रतिनिधि राजकुमार भारद्वाज ने बताया कि रविवार सुबह 10 बजे से कार्यक्रम आरंभ किया जाएगा तथा सर्वप्रथम पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ व 11बजे गायत्री दीक्षा के संस्कार एवं पूर्ण आहुति के बाद प्रसाद वितरण किया जाएगा। इस अवसर पर धारूहेड़ा के पूर्व प्रधान राजेंद्र सैनी, रामकुमार सैनी, राम प्रसाद सैनी, अशोक गायत्री, अशोक अग्रवाल गायत्री, मास्टर मदन लाल, पवन शास्त्री व रंगराव यादव सहित रालियावास, भिवाड़ी व रेवाड़ी से गायत्री परिवार के सदस्य उपस्थित रहेंगे।

## हरिनगर टी-प्वाइंट पर सुरक्षा के प्रबंधों की मांग, नागरिकों ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन




रेवाड़ी। हरिनगर टी-प्वाइंट पर सुरक्षा को लेकर प्रदर्शन करते नागरिक।

- 22 जून तक सुरक्षा के प्रबंध नहीं हुए तो 23 जून को कमेटी गठित करके दिया जाएगा धरना

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

एसयूसीआई कम्युनिस्ट एवं शहर के प्रबुद्ध नागरिकों की ओर से शुक्रवार को हरिनगर सड़क टी-प्वाइंट पर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध करने की मांग को लेकर लघु सचिवालय पर धरना-प्रदर्शन किया, जिसकी अध्यक्षता कॉमरेड राजेन्द्र सिंह ने की। प्रदर्शनकारियों ने लापरवाह प्रशासन और सरकार होश में आओ, हर रोज हरिनगर टी-प्वाइंट पर होने वाली सड़क दुर्घटनाओं पर रोक लगाओ, हरिनगर टी-प्वाइंट पर ट्रैफिक लाइट का प्रबंध करो, स्थाई ट्रैफिक पुलिस का इंतजाम करो व टी प्वाइंट पर स्पीड ब्रेकर बनाओ..जैसे नारे भी लगाए। इस मौके पर मुख्यमंत्री व जिला उपायुक्त के नाम डीडीपीओ नरेंद्र सारवान को ज्ञापन भी दिया गया।

इस मौके पर कॉमरेड राजेन्द्र सिंह ने कहा कि वर्तमान में हरिनगर टी-प्वाइंट सड़क दुर्घटना का केंद्र बना हुआ है, जहां अनेक लोग सड़क हादसे में अपनी जान गवा चुके है। यहां पर छिटपुट घटनाएं आए दिन होती रहती है, लेकिन प्रशासन और सरकार इन दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है। कॉमरेड ने कहा कि टी-प्वाइंट का निर्माण सड़क सुरक्षा मापदंडों को दरकिनार करके किया गया है। प्रशासनिक लापरवाही के कारण टी-प्वाइंट दुर्घटनाओं का केंद्र बन गया है। इस मौके पर एम्स संघर्ष समिति के प्रधान श्योताज सिंह, कैलाश चंद कार्यकारी अध्यक्ष, सुरेंद्र सिंह, मास्टर भारत, हरिओम, पवन कुमार, बसंत, नरेश, अजय सिंह, करतार सिंह, राकेश, अमर सिंह राजपुरा, लेखराम मेहरा, अजय कालका, रणबीर सिंह, अनीश कुमार, रिटायर्ड ईओ मनोज यादव, सुरेंद्र रोहिला, पारस व सोनपाल सहित शहर के अनेक नागरिक मौजद थे। प्रदर्शन के बाद सर्वसम्मति से आगामी निर्णय लिया गया। कैलाश चंद ने बताया कि अगर 22 जून तक हरिनगर टी-प्वाइंट पर सुरक्षा की उचित व्यवस्था नहीं की गई तो 23 जून को नागरिको की बैठक करके एक कमेटी का गठन किया जाएगा और हरिनगर टी-प्वाइंट पर धरना शुरू किया जाएगा तथा उच्च न्यायालय में जिला प्रशासन, सरकार, एनएचएआई अथॉरिटी के खिलाफ भी याचिका दायर करने बारे विचार किया जाएगा।






घोड़े का बच्चा पैदा होने के कुछ देर बाद ही दौड़ और चल सकता है।



मधुमक्खी एक ऐसा जीव है जिसकी पांच आंखें होती हैं।

# डिजिटल सेक्टर में कोर्स कर संवारे भविष्य



**नॉलेज**

यंगभूमि डेस्क

आज दुनिया तेजी से डिजिटल हो रही है। बिग डेटा के साथ एकुरेसी की तरफ ध्यान दिया जा रहा है। आज एआई, क्लाउड कंप्यूटिंग, ब्लॉक चेन, रोबोटिक्स, आईओटी जैसे तकनीकें तेजी डिजिटल दुनिया को बदल रही हैं। डिजिटल सेक्टर तेजी से विकसित होती इंडस्ट्री है, जो युवाओं को नए रोजगार अवसर प्रदान कर रही है। एक ग्लोबल रिपोर्ट के मुताबिक, 2030 में डिजिटल मार्केटिंग सेक्टर का आकार 1500 अरब डॉलर से अधिक होने की संभावना है। डिजिटल मार्केटिंग, सोशल मीडिया मार्केटिंग, वेब डेवलपमेंट, डेटा एनालिटिक्स, साइबर सुरक्षा जैसे कई क्षेत्र हैं जो डिजिटल सेक्टर में 3 से 6 महीने की स्किल सीखने पर उपलब्ध हैं।

## ये डिजिटल स्किल्स सीखें

वर्ड प्रोसेसिंग सॉफ्टवेयर स्किल, सोशल मीडिया स्किल, पर्सनल आर्किविंग, इनफॉर्मेशन इवैल्यूएशन, स्क्रीनकास्टिंग, कोलैबोरेशन, इमेज एडिटिंग, कंटेंट राइटिंग एंड कंटेंट मैनेजमेंट, डाटा एनालिटिक्स, कॉपीराइट एंड प्लेगिअरिज़म, डाटा साइंस, डिजिटल प्रोजेक्ट मैनेजमेंट, डिजिटल प्रोडक्ट मैनेजमेंट, सोशल मीडिया मैनेजमेंट, डिजिटल बिजनेस एनालिसिस, डिजिटल डिज़ाइन एंड डाटा विजुअलाइज़ेशन, वेब एंड एप डेवलपमेंट, डिजिटल प्रोग्रामिंग, डिजिटल वीडियो एडिटिंग आदि।

**बेसिक लर्निंग :** कोडिंग, ब्रांडिंग, क्लाउड सॉफ्टवेयर, माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस, बैंकिंग एप्स आदि।

### ये स्किल अहम

1. सोशल मीडिया मार्केटिंग, 2. सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन (एसईओ), 3. डिजिटल एनालिटिक्स, 4. ईमेल मार्केटिंग, 5. कंटेंट मार्केटिंग, 6. पेड एड्स, 7. वेबसाइट डेवलपमेंट, 8. वीडियो मार्केटिंग

### डिजिटल कोर्सेज

सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन (एसईओ), वेब एनालिटिक, ग्राफ़िक डिजाइनिंग, एनीमेशन एंड मल्टीमीडिया, ग्रोथ हैकिंग, सोशल मीडिया मार्केटिंग, ईमेल/ इनबाउंड मार्केटिंग, मोबाइल मार्केटिंग, कंटेंट मार्केटिंग, पे-पर-क्लिक (पीपीसी) मार्केटिंग, सर्टिफाइड डिजिटल मार्केटिंग मास्टर कोर्स आदि।

## डिजिटल सेक्टर कीइन ट्रेंड्स में कर सकते हैं महारत हासिल

### आधार आधारित

आधार आधारित मार्केटिंग बढ़ता हुआ ट्रेंड है। इस मार्केटिंग में ग्राहकों के बारे में जानकारी जैसे उनके नाम, उम्र, पता, ईमेल आईडी, सोशल मीडिया अकाउंट आदि इकट्ठी कर इसका उपयोग उन्हें प्रभावी ढंग से लक्ष्य दर्शकों के लिए विज्ञापन दिखाने में किया जाता है।

### सोशल मीडिया

सोशल मीडिया मार्केटिंग एक और महत्वपूर्ण डिजिटल मार्केटिंग ट्रेंड है। सोशल मीडिया पर विज्ञापन दिखाने के साथ-साथ, उत्पाद या सेवाओं को विस्तार से बताने और संचार करने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग किया जाता है। विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट और विज्ञापन शेयर करके, व्यवसाय अपनी विनिमय विवरणों को ग्राहकों तक पहुंचा सकते हैं और ग्राहकों से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### वीडियो मार्केटिंग

वीडियो मार्केटिंग लोकप्रिय डिजिटल मार्केटिंग ट्रेंड है जो ऑडियो और वीडियो सामग्री के माध्यम से उत्पादों और सेवाओं का विज्ञापन करता है, क्योंकि इससे उत्पाद और सेवाओं के बारे में दिए जा रहे विवरणों को समझना आसान हो जाता है। यह वीडियो एड विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर चलाए जा रहे हैं। जैसे - यूट्यूब, इंस्टाग्राम, फेसबुक आदि।

### इंफ्लुएंसर मार्केटिंग

आजकल इंफ्लुएंसर मार्केटिंग बढ़ते हुए डिजिटल मार्केटिंग क्षेत्र का एक प्रमुख तरीका है। इसमें मार्केटिंग कंपनियां सोशल मीडिया पर लाखों फॉलोअर्स के साथ अकाउंट चला रहे इंफ्लुएंसर्स का प्रचार में सहारा लेती हैं। आजकल इंस्टाग्राम, फेसबुक व यूट्यूब पर इंफ्लुएंसर मार्केटिंग का तरीका बहुत बढ़ गया है।

### डिजिटल मार्केटिंग हॉट

मार्केटिंग का एक अन्य ट्रेंड है डिजिटल मार्केटिंग। यह उन सभी ऑनलाइन मार्केटिंग गतिविधियों के लिए उपयोग किया जा सकता है जो इंटरनेट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से की जा रहीं हैं। आज के समय में कंपनियां डिजिटल मार्केटिंग के लिए अलग-अलग प्लेटफॉर्मों का उपयोग कर रहीं हैं, जैसे वेबसाइट, सोशल मीडिया, ईमेल और मोबाइल एप्लीकेशन। इसी कारण डिजिटल मार्केटिंग सेक्टर में सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन (एसईओ), सोशल मीडिया मार्केटिंग (एसएमएम), मार्केटिंग एनालिसिस्ट, ईमेल मार्केटिंग, वीडियो मार्केटिंग, फेसबुक विज्ञापन एक्सपर्ट की ढेरों रिक्तियां हैं।

### जॉब ऑप्शन्स

डाटा साइंटिस्ट, वेस्ट डाटा मैनेजर, कमर्शियल/ सिविलियन ड्रोन ऑपरेटर, डिजिटल करेंसी एडवाइज़र, डिजिटल आर्टिस्ट, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) एक्सपर्ट, रोबोटिक्स और मशीन लर्निंग एक्सपर्ट, डिजिटल प्रोडक्ट डिज़ाइनर, मोबाइल डिज़ाइनर, वेब डेवलपर/ वेब डिज़ाइनर, एनिमेशन एक्सपर्ट, एनालिटिकल मैनेजर, यूज़र एक्सपीरियंस डिज़ाइनर, डिजिटल मार्केटिंग मैनेजर, ईमेल मार्केटिंग मैनेजर, सोशल मीडिया एक्सपर्ट, सर्च इंजन ऑप्टिमाइज़र, कॉपी/ कंटेंट राइटर।

### टॉप रिक्रूटर्स

एफएमसीजी (फ़ास्ट मूविंग कंज्यूमर गुड्स), रिटेल, टूरिज्म, बैंकिंग, हॉस्पिटैलिटी, आईटी एंड आईटीईएस, मीडिया/ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स/ चैनल्स, पीआर एंड एडवरटाइजिंग, कंसल्टेंसी, मार्केट रिसर्च और पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइसेज आदि।

### स्किल सीखने के फायदे

डिजिटली दक्ष युवाओं के लिए कई नौकरियां उपलब्ध हैं। डिजिटल मार्केटिंग सेक्टर में स्किल्ड युवाओं की कमी होने के कारण नौकरियों में उच्च वेतन दिया जाता है। डिजिटल मार्केटिंग ने बाजार में एक नया मापदंड स्थापित किया है। इसमें अधिक लोगों तक आपका संदेश पहुंचाने के लिए कम खर्च की आवश्यकता होती है। आप खुद के बोस हो सकते हैं और स्वयं के अनुसार काम करने का फैसला कर सकते हैं। आप खुद के व्यवसाय या ऑनलाइन स्टार्टअप भी शुरू कर सकते हैं जो आपको स्वतंत्रता और आय की संभावनाएं प्रदान करता है।

---

**वित्त और ऋण संबंधी मामलों को संभालना इसका काम**

# हर कंपनी को चाहिए फाइनेंस मैनेजर, आप भी यह कोर्स कर बना सकते हैं अपना करियर

**जॉब ट्रेंड्स**

करियर डेस्क

आज के समय में हम अपने आसपास जितने भी बड़ी-बड़ी कंपनियां देख रहे हैं। उनमें फाइनेंस मैनेजर के तौर पर कई कर्मचारी कार्यरत होते हैं। फाइनेंस मैनेजर की पोस्ट हर डिपार्टमेंट और हर कंपनी के लिए होती है। फाइनेंस मैनेजर कंपनी को



फाइनेंस के तौर पर मजबूत बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। किसी भी कंपनी में एक फाइनेंस मैनेजर होना बहुत ही ज्यादा जरूरी है। कंपनी का सारा लेखा-जोखा फाइनेंस मैनेजर ही संभालता है। फाइनेंस मैनेजर कैसे बने इसके बारे में कई लोगों के मन में सवाल पैदा होते हैं। आज के आर्टिकल में हम आपको फाइनेंस मैनेजर कैसे बने इसके बारे में डिटेल में जानकारी देने का पूरा प्रयास करेंगे।

### क्या होता है फाइनेंस मैनेजर

किसी भी कंपनी के अंदर पैसों की लेनदेन और ट्रांजेक्शन की निगरानी के लिए काम करने वाला व्यक्ति फाइनेंस मैनेजर कहलाता है। फाइनेंस मैनेजर कंपनी में रहते हुए कंपनी को अधिक से अधिक मुनाफा कैसे हो इसके बारे में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है साथ ही साथ कंपनी के खर्चो और कंपनी की जिम्मेदारियों को भी महत्व पूर्ण तरीके से निभाता है।

### कर्ज से बाहर निकालने में मदद करता

*फाइनेंस मैनेजर कंपनी के लिए इसलिए अनिवार्य माना जाता है क्योंकि फाइनेंस मैनेजर जो कंपनी से ज्यादा कर्ज में डूबने पर उसे बाहर निकालने में मदद करता है या फिर कंपनी को अधिक मुनाफा कमाने में भी अपनी मदद करता है। जिस प्रकार से बीबीए डिग्री करने के पश्चात विद्यार्थी बिजनेस आइडिया दान करके कंपनी को बिजनेस में सफल बनाते हैं। उसी प्रकार से फाइनेंस मैनेजर फाइनेंसियल मैनेजमेंट करने से संबंधित संपूर्ण जानकारी कंपनी के मालिक को देते हैं और जिस से कंपनी का फाइनेंशियल मैनेजमेंट नियत रहता है।*

## महत्वपूर्ण और जिम्मेदारी पूर्ण जॉब



### फाइनेंस मैनेजर बनने के तरीके

*फाइनेंस मैनेजर बनने के लिए किसी भी एक तरीके में बंद कर पढ़ाई करना या आगे बढ़ना कोई जरूरी नहीं है। फाइनेंस मैनेजर बनने के कुल 3 तरीके के बारे में नीचे जानकारी दे रहे हैं। आप अपनी इच्छा अनुसार किसी भी एक तरीके का चयन करते हुए फाइनेंस मैनेजर बन सकते हैं जो कुछ इस प्रकार से हैं।*

***पहला तरीका :*** *फाइनेंस मैनेजर बनने के लिए उम्मीदवारों को 12वीं कक्षा पास करने के बाद ग्रेजुएशन की डिग्री लेनी है और उसके पश्चात मास्टर ग्रेजुएशन की डिग्री लेनी है। ग्रेजुएशन और मास्टर ग्रेजुएशन डिग्री के लिए होने वाले एग्जाम में भी आवेदन कर सकते हैं। इन एंट्रेंस एग्जाम के जरिए आपको भारत के टॉप फाइनेंस मैनेजर बनने के कॉलेज में दाखिला मिल जाएगा।*

***दूसरा तरीका :*** *बारहवीं कक्षा पास करने के बाद बी. कॉम की डिग्री लेकर बैचलर इन फाइनेंशियल इन्वेस्टमेंट एनालिसिस की डिग्री ले सकते हैं, या फिर सीए फाउंडेशन बी- ईकॉन की डिग्री लेकर मास्टर इन फाइनेंस कंट्रोल की डिग्री प्राप्त करते हुए आप फाइनेंस मैनेजर की पोस्ट हासिल कर सकते हैं।*

***तीसरा तरीका :*** *विज्ञान वर्ग से 12वीं कक्षा पास करने वाले विद्यार्थी बीए इन इकोनामिक या बिजनेस इकोनॉमिक्स की डिग्री लेते हुए या फिर बीएससी मैथमेटिक्स से ग्रेजुएशन पूरी करने के बाद फाइनेंस मैनेजमेंट के तहत मास्टर फाइनेंस कंट्रोल का कोर्स कर सकते हैं और इसके जरिए फाइनेंस मैनेजर पद तक पहुंच सकते हैं।*

### कितनी मिलती सैलरी

*हर उम्मीदवार के दिमाग में हमेशा आपसे एक ही बात चलती है, कि इस पद पर कार्यरत रहते हुए मुझे कितनी सैलरी मिल सकती है। उसी प्रकार के फाइनेंस मैनेजर का कोर्स करने वाले विद्यार्थियों के मन में भी यही सवाल पैदा होते रहते हैं। कि आखिरी पड़ाव पर फाइनेंस मैनेजर बनने के बाद हमें कितनी सैलरी मिल जाएगी। फाइनेंस मैनेजर की सैलरी के बारे में बात करें, तो फाइनेंस मैनेजर की सैलरी उसके ऑर्गेनाइजेशन पर पूरी तरह से निर्भर करती है। क्योंकि फाइनेंस मैनेजर के लिए सरकारी पद ना के बराबर होते हैं। फाइनेंस मैनेजर अपनी स्कील और एक्सपीरियंस के साथ-साथ ऑर्गनाइजेशन के आधार पर अच्छा पैसा कमा सकता है। फाइनेंस मैनेजर की सैलरी के बारे में बात करें तो यहां 400000 से लेकर 1800000 तक की सैलरी प्रति वर्ष आराम से कमा सकते हैं। इससे ज्यादा भी आपको कमाने का मौका मिल सकता है।*



### कैसे बने फाइनेंस मैनेजर

*आज के समय में फाइनेंस मैनेजर बनने और फाइनेंस मैनेजर के तौर पर अपनी भूमिका निभाने वाले उम्मीदवारों की डिमांड बाजार में बढ़ती जा रही है। दिन प्रतिदिन हर कंपनी के लिए फाइनेंस मैनेजर का होना अनिवार्य माना जा रहा है। फाइनेंस मैनेजर बनने के लिए आपको नीचे दिए गए निम्नलिखित चरणों को फॉलो करना होगा। इन चरणों को फॉलो करते हुए आप फाइनेंस मैनेजर बनने तक का सफर पूरा कर सकते हैं।*

***12वीं कक्षा उत्तीर्ण करें :*** *फाइनेंस मैनेजर बनने के लिए आपको सर्वप्रथम 12वीं कक्षा पास करनी है। जो विद्यार्थी सेकेंडरी स्कूल पूरी करने के बाद 12वीं कक्षा में एडमिशन ले रहा है। उन विद्यार्थियों को वाणिज्य वर्ग के साथ मारी कक्षा उत्तीर्ण करनी है।*

***बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्टर की पढ़ाई करें :*** *अब विद्यार्थियों को आगे ग्रेजुएशन की डिग्री के लिए बैचलर बिजनेस ऑफ एडमिनिस्टर की डिग्री में अपना आवेदन करना होगा। बैचलर ऑफ बिजनस एडमिनिस्टर की डिग्री लेने के लिए आपको कॉलेज लेवल पर होने वाले एंट्रेंस एग्जाम में भाग लेना होगा या फिर आप अपने बारहवीं कक्षा के अंक के आधार पर भी डायरेक्ट बैचलर आफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन डिग्री में आवेदन ले सकते हैं।*

***मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्टर की पढ़ाई करें :*** *अंडर ग्रेजुएशन की डिग्री पूरी होने के पश्चात आपको अगले चरण के तौर पर मास्टर आफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन डिग्री लेनी होगी। इसके अलावा अन्य डिप्लोमा व डिग्री के माध्यम से भी फाइनेंस मैनेजर बन सकते हैं। फाइनेंस मैनेजर बनने के लिए बीबीए और एमबीए करने की बजाय आप फाइनेंसियल कंट्रोल पोस्ट ग्रेजुएशन डिप्लोमा ले सकते हैं। जो 2 साल का होता है। इस डिप्लोमा को लेने के बाद इंटरव्यू के आधार पर आपको फाइनेंस मैनेजर बनने का मौका मिल जाता है।*

### कोर्स करवाने वाले टॉप कॉलेज

भारत में आबादी के आधार पर बहुत सारे कॉलेज अलग-अलग डिग्री व डिप्लोमा के लिए मौजूद है। लेकिन जब फाइनेंस मैनेजर कोर्स कराने वाले टॉप कॉलेज का नाम आता है। तो कुछ कॉलेज के नाम हमारे सामने आते हैं। जिसकी जानकारी हम नीचे आपको प्रदान करवा रहे हैं।

- अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी अलीगढ़,
- एआईएमए (सेंटर फोर मैनेजमेंट एजुकेशन),
- इंस्टिट्यूट ऑफ़ बिज़नेस मैनेजमेंट एंड रिसर्च (आईबीएमआर आईपीएस)
- इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट स्टडीज देवी अहिल्या विश्वविद्यालय,
- एनएमआईएमएस स्कूल ऑफ़ मैनेजमेंट बेंगलुरु,
- इंस्टिट्यूट ऑफ़ चार्टर्ड फाइनेंसियल एनालिस्ट ऑफ़ इंडिया,
- इंदिरा गांधी नेशनल ओप्रण यूनिवर्सिटी
- सिम्बायोसिस इंस्टिट्यूट ऑफ़ बिज़नेस मैनेजमेंट पुने
- यूनिवर्सिटी ऑफ़ लखनऊ
- आल इंडिया मैनेजमेंट एसोसिएशन
- बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी
- डिपार्टमेंट ऑफ़ बैंक मैनेजमेंट अलगप्पा इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट तमिलनाडु, आदि।

### फाइनेंस मैनेजर के लिए नौकरियां

- मैनेजर इन डायरेक्ट
- डायरेक्ट टैक्सेशन
- बिज़नेस मैनेजर
- कमर्शियल मैनेजर
- मैनेजर इंचार्ज कास्टिंग
- टेजेरी मैनेजर नेशनल एंड इंटरनेशनल बैंक्स
- कॉर्पोरेट और फाइनेंसियल इंस्टिट्यूशन्स
- मैनेजर ट्रेस्यूरर
- कंट्रोलर्स
- ट्रेस्युरी मैनेजर्स
- मर्चेंट बैंकर्स, क्रेडिट मैनेजर्स
- कैश मैनेजर्स

---

# युवा पीढ़ी एआई के माध्यम से नए भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही



**मोटिवेशनल**

डॉ. दिव्या तंवर

आज की युवा पीढ़ी एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) के माध्यम से एक नए भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। वे एआई का उपयोग स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, कृषि, और स्मार्ट शहरों जैसे विभिन्न क्षेत्रों में नवाचार और सुधार के लिए कर रहे हैं। युवा उद्यमी व शोधकर्ता एआई आधारित समाधान विकसित कर रहे हैं जो कृषि में उत्पादन बढ़ाने, चिकित्सा निदान को सरल बनाने में सहायक हैं। उदाहरण के लिए, एआई का उपयोग कर वे सटीक मौसम पूर्वानुमान और स्मार्ट खेती तकनीकों को लागू कर रहे हैं, जिससे किसानों की आय बढ़ रही है। इसके अलावा, स्मार्ट शहर परियोजनाओं में एआई-आधारित ट्रैफिक प्रबंधन और ऊर्जा बचत उपायों से शहरी जीवन को अधिक कुशल और पर्यावरण के अनुकूल बनाया जा रहा है।

## देश की समृद्धि और प्रगति में बड़ी भूमिका

इस तरह, युवा भारत को डिजिटल और तकनीकी रूप से उन्नत राष्ट्र बनाने के लिए एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) को अपने नवाचारों का केंद्र बना रहे हैं, जो देश की समृद्धि और प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। एआई आज के समय में एक शक्तिशाली उपकरण बनकर उभरी है, जिसका सही और संतुलित उपयोग हमारे जीवन को सकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकता है। एआई की मदद से शिक्षा, स्वास्थ्य, और व्यक्तिगत विकास के क्षेत्रों में महत्वपूर्ण सुधार संभव हैं। शिक्षा में, एआई द्वारा संचालित व्यक्तिगत शिक्षण ऐप्स छात्रों को उनकी आवश्यकताओं और सीखने की गति के अनुसार अनुकूलित सामग्री प्रदान करते हैं, जिससे उनकी सीखने की क्षमता में वृद्धि होती है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में, एआई-आधारित फिटनेस ट्रैकर्स और मानसिक स्वास्थ्य ऐप्स व्यक्तिगत स्वास्थ्य निगरानी और त्वरित थैरेपी सहायता प्रदान करते हैं, जिससे स्वास्थ्य और जीवनशैली में सुधार होता है। एआई के उपयोग से डेटा विश्लेषण और प्रोग्रामिंग जैसे व्यावसायिक कौशलों को विकसित करने के अवसर मिलते हैं, जो युवाओं को भविष्य के लिए बेहतर करियर विकल्प प्रदान कर सकते हैं। एआई चैटबॉट्स और वर्चुअल असिस्टेंट कार्यों को स्वचालित और सरल बनाते हैं, जिससे समय और ऊर्जा की बचत होती है। इसके अलावा, एआई का उपयोग समाज की बड़ी समस्याओं के समाधान, जैसे कि जलवायु परिवर्तन और स्वास्थ्य देखभाल में सुधार, के लिए भी किया जा सकता है। इसके लिए जरूरी है कि हम एआई का उपयोग नैतिकता और जिम्मेदारी के साथ करें, इसके खतरों और सीमाओं को समझते हुए सकारात्मक उपयोग को प्राथमिकता दें। एआईकी क्षमता को अच्छे कार्यों में लगाकर हम व्यक्तिगत और सामूहिक उन्नति की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति कर सकते हैं। एआई ने आधुनिक समाज में क्रांति ला दी है, जिसमें शिक्षा, मनोरंजन, और संचार से लेकर व्यक्तिगत और पेशेवर जीवन के कई पहलू शामिल हैं। हालांकि, इसका गहरा असर युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य और व्यवहार पर भी पड़ रहा है। एआई की बढ़ती उपस्थिति ने युवाओं को नई चुनौतियों और अवसरों से सामना करवाया है। यह निबंध एआई के मानसिक स्वास्थ्य और व्यवहार पर प्रभावों को समझाने और उनसे निपटने के उपायों पर केंद्रित है।

### मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव

एआई द्वारा संचालित सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म्स जैसे कि फेसबुक, इंस्ट्राग्राम और टिक टॉक उपयोगकर्ताओं को उनकी रुचियों के अनुसार सामग्री प्रस्तुत करते हैं। यह व्यक्तिगत और सामाजिक तुलना की संस्कृति को बढ़ावा देता है, जिससे युवाओं में ईर्ष्या, आत्म-सम्मान की कमी, और अवसाद जैसी मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। लगातार दूसरों की "संपूर्ण" छवि और उपलब्धियों को देखते हुए, युवा अपनी वास्तविकता से असंतुष्ट हो जाते हैं।

एआई तकनीक के उपयोग से युवाओं में डिजिटल थकान बढ़ रही है। स्मार्टफोन, कंप्यूटर और अन्य डिजिटल उपकरणों पर अत्यधिक निर्भरता मानसिक थकान, ध्यान की कमी, और नींद की समस्याओं का कारण बनती है। एआई आधारित नोटिफिकेशन और अलर्ट लगातार ध्यान भंग करते हैं, जिससे मानसिक शांति और फोकस की कमी होती है।

एआई द्वारा संचालित डेटा संग्रह और विश्लेषण से युवाओं में गोपनीयता की चिंता बढ़ गई है। उनकी ऑनलाइन गतिविधियों का पता लगने और निजी जानकारी के संभावित दुरुपयोग की आशंका मानसिक तनाव और असुरक्षा की भावना को जन्म देती है। एआई चैटबॉट्स और आभासी सहायक जैसे कि सिरी, अलेक्सा, और गूगल असिस्टेंट ने संवाद के तरीके को बदल दिया है। यद्यपि ये उपकरण उपयोगी हो सकते हैं, परन्तु वास्तविक मानवीय बातचीत की जगह इन्हें प्राथमिकता देने से सामाजिक अलगाव और व्यवहारिक असामान्यताएं उत्पन्न हो सकती हैं। एआई द्वारा संचालित सेवाओं ने तुरंत संतोष की संस्कृति को बढ़ावा दिया है। जैसे कि एआई आधारित शॉपिंग सिफारिशें, फूड डिलीवरी, और मनोरंजन विकल्प, युवा जल्दी और आसानी से संतुष्टि पाने की आदत में पड़ सकते हैं। इससे धैर्य की कमी और इच्छाओं को त्वरित रूप से पूरा करने की प्रवृत्ति में वृद्धि हो सकती है। एआई संचालित मनोरंजन और सोशल मीडिया के अल्गोरिदम युवाओं को स्क्रीन पर अधिक समय बिताने के लिए प्रेरित करते हैं।

## सामान्य ज्ञान

**1.** एक परमाणु में 9 इलेक्ट्रॉन तथा 10 न्यूट्रॉन है ,उसकी द्रव्यमान संख्या होगी

(ए) 9 (बी) 10
(सी) 18 (डी) 19

**2.** $_{88}Ra^{226}$ (रेडियम) के नाभिक में न्यूट्रॉन और प्रोटॉनों की संख्या क्रमशः है

(ए) 138 एवं 88
(बी) 88 एवं 138
(सी) 226 एवं 88
(डी) 88 एवं 226

**3.** जिस तत्व में के परमाणु में 2 प्रोटॉन , 2 न्यूट्रॉन तथा 2 इलेक्ट्रॉन हों , उस तत्व का द्रव्यमान संख्या कितनी होगी

(ए) 2 (बी) 4
(सी) 6 (डी) 8

**4.** $_{19}K^{4}$* में इलेक्ट्रॉन की संख्या है -

(ए) 18 (बी) 19
(सी) 20 (डी) 10

**5.** यदि परमाणु की तीसरी कक्षा सबसे बहरी कक्षा हो ,तो इसमे इलेक्ट्रॉनों की अधिकतम संख्या हो सकती है

(ए) 8 (बी) 16
(सी) 18 (डी) 36

**6.** किसी परमाणु की परमाणु संख्या Z है तथा उसकी द्रव्यमान संख्या M है,तो इसके नाभिक में न्यूट्रॉन की संख्या कितनी होगी

(ए) M+Z (बी) M-Z
(सी) M x Z (डी) M/Z

**7.** परमाणु संख्या 17 तथा द्रव्यमान संख्या 35 के एक क्लोरिन परमाणु के नाभिक में होते है

(ए) 18 प्रोटॉन (बी) 18 न्यूट्रॉन
(सी) 35 प्रोटॉन डी) 35 न्यूट्रॉन

**8.** क्रमांक 20 वाले परमाणु का इलेक्ट्रॉनिक विन्यास है -

(ए) 2,8,10 (बी) 2,6,8,4
(सी) 2,8,8,2 (डी) 2,10,8

**9.** निम्न में कौन सी इलेक्ट्रॉनिक संरूपण धातु तत्व के लिए है ?

(ए) 2,8,1 (बी) 2,8
(सी) 2,8,8 (डी) 2,8,8,2

उत्तर 1.(डी) 2.(ए) 3.(बी) 4.(बी) 5.(सी) 6.(बी) 7.(बी) 8.(सी) 9.(डी)

## खबर संक्षेप



### स्कूल के चार एथलीट खेल नर्सरी में चयनित

**रेवाड़ी।** माउंट हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल के युवा एथलीटों को हरियाणा खेल नर्सरी योजना 2024 के लिए चुना गया है। स्कूल से उदित समर भारद्वाज, रितिक, दीपांशु, पायल और लावण्या का प्रतिष्ठित हरियाणा खेल नर्सरी योजना मे चयन किया गया है। स्कूल के अध्यक्ष प्रवीण गोयल, प्रबंध निदेशिका सुनीता गोयल, मानद निदेशिका तारुषी गोयल, संचालन निदेशक प्रतीक गोयल, प्रधानाचार्य समर भारद्वाज, वरिष्ठ समन्वयक रोहित जांगिड़ और कोच गौरव देशवाल सहित सभी शिक्षकों ने चयनित छात्रों को शुभकामनाएं दी है।

### यादव सभा का फ्री स्वास्थ्य जांच कैंप कल

**रेवाड़ी।** यादव कल्याण सभा की ओर से 16 जून को सुबह 9 से 11 बजे तक गढ़ी बोलनी रोड स्थित श्री कृष्ण भवन में फ्री चिकित्सा शिविर आयोजित किया जाएगा, जिसमें सभी मरीजों को निःशुल्क ओपीडी सेवाएं व दवाईयां भी प्रदान की जाएगी। सभा के प्रवक्ता प्रो. सतीश यादव ने बताया कि शिविर मे डॉ एचआर यादव मेडिसिन, डॉ आत्म प्रकाश यादव हड्डीरोग, डॉ सुनील यादव सर्जरी, डॉ रमेश यादव नेत्ररोग, डॉ मनीष यादव ईएनटी व डॉ अजीत यादव बालरोग के मरीजों की जांच करेंगे।

### बिल्डिंग मालिक के खिलाफ केस दर्ज

**धारूहेड़ा।** वार्ड नं. 4 में किराए के मकान में रह रहे कंपनी कर्मचारी के साथ मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने बिल्डिंग मालिक के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस बयान में मूल रूप से बिहार के रहने वाले मनीष ने आरोप लगाया कि बिल्डिंग मालिक मनोज ने अपने मुनीम पटवारी के साथ मिलकर उसके साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी।

### संस्था का बच्चों के लिए कार्यक्रम कल

**रेवाड़ी।** हमारा परिवार संस्था की ओर से 16 जून को पंजाबी धर्मशाला में आओ छुट्टियों को अपने बच्चों के लिए स्पेशल बनाए कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। संस्था के संयोजक दिनेश कपूर ने बताया कि आईएमए के जिला प्रधान डा. दीपक यादव कार्यक्रम में मुख्यातिथि व सेक्टर-3 पुलिस चौकी इंचार्ज एसआई अजय कुमार विशिष्टातिथि रहेंगे।

### जिले में 17 को मनाई जाएगी बकरीद

**रेवाड़ी।** जिले की मस्जिदों में ईद-उल-अजहा बकरीद की नमाज 17 जून को अता की जाएगी। शुक्रवार को मुस्लिम सभा की ओर से बैठक करके मस्जिदों में ईद की नमाज अता करने का समय तय किया गया। मुस्लिम सभा के प्रधान मुबीन खान ने बताया कि जामा मस्जिद पीर बाबा वाली में सुबह 8 बजे, मदीना मस्जिद रेलवे स्टेशनपर सुबह 8 बजे, आसिया मस्जिद पुराना सीटी थाना में सुबह 7:30 बजे, गांव गुड़ियानी स्थित ईदगाह में सुबह 7:30 बजे तथा खोल में थाने के पास स्थित मस्जिद में सुबह 7:30 बजे नमाज अता की जाएगी।

### समिति व उपसमिति के सदस्य बने अविनाश

**कोसली।** कोसली निवासी व हरियाणा एनएसयूआई के प्रदेशाध्यक्ष अनिवाश यादव को कांग्रेस ने हरियाणा चुनाव घोषणा पत्र समिति व उपसमिति का सदस्य नियुक्त किया है। अनिवाश ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सीडब्ल्यूसी अध्यक्ष सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी, राहुल गांधी, केसी वेणुगोपाल, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, प्रदेशाध्यक्ष चौधरी उदयभान, हरियाणा कांग्रेस प्रभारी दीपक बाबरिया, एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी व एनएसयूआई प्रभारी कन्हैया कुमार का आभार प्रकट किया है। अविनाश यादव ने रोहतक लोकसभा से सांसद दीपेंद्र हुड्डा का भी आभार व्यक्त किया है।

---

## जिला पुलिस ने युवाओं को नशे के दुष्प्रभाव बताकर किया जागरूक

# युवा पीढ़ी खेलों की तरफ ध्यान देकर जिंदगी को कहें हाँ व नशे को कहें नाः डीएसपी

- अभियान के माध्यम से पुलिस का उद्देश्य आमजन को नशे की बुराइयों से अवगत कराना
- नशे का कारोबार करने वालों की सूचना डायल 112 पर पुलिस विभाग को दें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी





रेवाड़ी। लोगों को नशा न करने के प्रति जागरूक करते डीएसपी त युवाओं को जागरूक करते हुए पुलिसकर्मी। फोटो : हरिभूमि

पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन के मार्गदर्शन में जिला पुलिस की ओर से 26 जून तक नशा मुक्त भारत पखवाड़े अंतर्गत नशे के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में पुलिस युवाओं को नशे से दूर रखने तथा खेलों से जोड़ने के लिए खेल गतिविधियों के माध्यम से युवाओं को प्रोत्साहित कर रही है। अभियान के माध्यम से पुलिस का उद्देश्य आमजन को नशे की बुराइयों से अवगत कराना तथा नशे के आदी युवाओं को समाज की मुख्यधारा में जोड़ना है। डीएसपी हैडक्वाटर पवन कुमार ने कहा कि नशा एक ऐसी बुराई है, जिससे व्यक्ति का अनमोल जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है। नशा करने वाला व्यक्ति अपने साथ साथ पूरे परिवार का जीवन खराब कर देता है। उन्होंने कहा कि सबसे पहले युवा पीढ़ी को नशे से बचाना होगा। उन्होंने कहा कि नशा मुक्त भारत पखवाड़ा अभियान के सार्थक परिणाम सामने आ रहे है तथा जिले के अनेक युवा खेलों की ओर आकर्षित हो रहे है।

जिला पुलिस की विभिन्न टीमों ने शुक्रवार को गांव बीकानेर, मौहल्ला गुर्जरवाड़ा व धारूहेड़ा मार्केट में युवाओं को नशे से दूर रहने तथा खेलों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। पुलिस टीमों की ओर से आमजन को नशा न करने के बारे में जागरूक किया गया तथा नशा न करने की शपथ भी दिलाई गई। पुलिस की सभी टीमों ने शुक्रवार को करीब 700 लोगों को जागरूक किया। टीम ने बताया कि सभी लोग इस अभियान से जुड़े तथा अपना ई-प्रतिज्ञा सर्टिफिकेट प्राप्त करने के लिए हरियाणा सरकार की प्लेज.माईगोव.इन बेबसाईट पर जाकर अपना ऑनलाइन विवरण दर्ज करके अपना सर्टिफिकेट डाउनलोड करें। शपथ के लिए अपना नाम, मोबाइल नम्बर, जन्म तिथि, जिला, पिन कोड व राज्य भरकर सबमिट करे, जिसके बाद जिंदगी को कहें हा और नशे को कहें ना की शपथ लेकर अपना सर्टिफिकेट डाउनलोड करें। डीएसपी हैडक्वाटर पवन कुमार ने आमजन से आह्वान करते हुए कहा कि सभी नशा मुक्त भारत अभियान में अपना योगदान दें। उन्होंने कहा कि नशे का कारोबार करने वालों की सूचना डायल 112 पर पुलिस विभाग को दें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

---

## रक्तदान परोपकार की भावना को बढ़ावा देताः डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी



डीसी एवं अध्यक्ष जिला रेडक्रास सोसायटी राहुल हुड्डा ने विश्व रक्तदाता दिवस पर रक्तदाताओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि रक्तदान महादान है। रक्तदान अनगिनत जरूरतमंद व्यक्तियों के लिए एक लाइफ लाइन है। रक्तदान से न केवल सर्जरी, कैंसर ट्रीटमेंट और इमरजेंसी से गुजर रहे रोगियों को मदद मिलती है साथ ही रक्तदान स्वयं डोनर को भी लाभ पहुंचाता है। रक्तदान का कार्य समुदाय और परोपकार की भावना को बढ़ावा देता है, जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डालता है। डीसी ने कहा कि रक्तदाताओं को स्वयं पर गर्व होना चाहिए कि उनका खून किसी व्यक्ति का जीवन बचाने में काम आ रहा है। उन्होंने कहा कि 14 जून का दिन विश्व रक्तदाता दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिसके माध्यम से लोगों को रक्तदान के लिए प्रोत्साहित और रक्त उत्पादों की आवश्यकता के बारे में जागरूक किया जाता है। उन्होंने रक्तदाताओं से रक्तदान शिविरों में बढ़ चढकर भागीदारी करते हुए लोगों को जीवनदान देते रहने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि रक्तदान करने से कोई कमजोरी नहीं आती है। लोगों को किसी भ्रांति में नहीं रहना चाहिए। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि जीवन में रक्तदान अवश्य करें।

### रक्तदान करने के होते यह लाभ

रक्तदान करने से रक्त में शरीर में एक्स्ट्रा आयरन के स्तर को कम करने में मदद मिल सकती है। इससे हेमोक्रोमैटोसिस को रोका जा सकता है। हेमोक्रोमैटोसिस एक ऐसी स्थिति होती है, जिसमें दिल के दौरे और स्ट्रोक सहित हृदय रोगों के खतरे को बढ़ा सकती है। रक्तदान से रक्तदाता को मनोवैज्ञानिक लाभ भी होता है। रक्तदान से पहले, लोगों को ब्लड प्रेशर, हीमोग्लोबिन समेत अन्य हेल्थ स्क्रीनिंग की जाती है। हेल्थ चेकअप को कराने से एनीमिया या संक्रामक रोगों का शीघ्र पता चल सकता है। कई बार हम हेल्थ चेकअप नहीं कराते हैं तो अचानक बड़ी बीमारियों की चपेट में आ जाते हैं, अगर आप रक्तदान करते हैं तो उसके पहले हेल्थ चेकअप में आप अपनी हेल्थ को लेकर भी अपडेट हो जाते हैं।

---

## मेगा ब्लड डोनेशन कैंप आज, बड़ी संख्या में भाग लेंगे डॉक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

एसोसिएशन ऑफ सर्जन्स ऑफ इंडिया के हरियाणा चैप्टर, रोटरी क्लब ऑफ रेवाड़ी सिटी, भारत विकास परिषद व श्रीराम युवा शाखा के संयुक्त तत्वावधान में 15 जून को सरकुलर रोड धारूहेड़ा चुंगी के पास स्थित डा. आरबी यादव अस्पताल में मेगा ब्लड डोनेशन कैंप आयोजित किया जाएगा। कैंप में बड़ी संख्या में शहर के सर्जन, डॉक्टर, समाजसेवी व रक्तदाता शामिल होंगे।

एएसआई के जिला प्रधान रोटेरियन डा. करतार सिंह यादव व



डॉ आरबी यादव



डा. करतार सिंह

भारत विकास परिषद के क्षेत्रीय सचिव डा. आरबी यादव ने बताया कि विभिन्न संगठनों की ओर से इस मेगा ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें अधिक से अधिक लोगों को रक्तदान के प्रति प्रेरित करते हुए ब्लड एकत्रित किया जाएगा। डा. करतार यादव ने बताया कि 1938 में स्थापित एएसआई में देश के 40 हजार से अधिक सर्जन शामिल हैं। 23 राज्यों में इसके चैप्टर और शाखाएं हैं।

### पूरे देश में कैंपों का हो रहा आयोजन

संगठन की ओर से पूरे देश में एक साथ मेगा ब्लड डोनेशन कैंप आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि इनमें जरूरतमंद लोगों के लिए ब्लड एकत्रित किया जा सके। इस कैंप में एएसआई से जुड़े मेंबरों के साथ-साथ भारत विकास परिषद व रोटरी क्लब सहित अन्य संगठनों के पदाधिकारी व सदस्य भी हिस्सा लेंगे। मेगा कैंप में बड़ी संख्या में रक्त एकत्रित होने की संभावना है।

---

## महेश नवमी आज

**रेवाड़ी।** ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि 15 जून शनिवार को महेश नवमी का पर्व मनाया जाएगा। इस पर्व पर भगवान शिव की पूजा करने का विधान है। ज्योतिषाचार्य डा. अजय शास्त्री का कहना है कि शिवपुराण में भी उल्लेख है कि भगवान शिव की विधिवत रुप से पूजा-अर्चना करने से श्रद्धालुओं की सभी मनोकामनाएं पूरी हो जाती है।

उन्होंने कहा कि भगवान शिव को कच्चे चावल चढ़ाने से धन लाभ होता है। यदि बेला के फूल चढ़ाए जाएं तो सुदर पत्नी मिलती है। यदि शिवलिंग का अभिषेक गाय के घी से करने से कमजोरी दूर होती है। यदि महादेव की पूजा हरसिंगार के फूलों से करें तो सुख-सम्पत्ति में वृद्धि होती है।

---

## हरियाणा में अब विवाह पंजीकरण कराना हुआ आसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

हरियाणा सरकार ने प्रदेश में विवाह पंजीकरण की प्रक्रिया का सरलीकरण करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में सीटीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, खंड विकास पंचायत अधिकारी सहित ग्राम सचिव को मैरिज रजिस्ट्रार के रूप में नामित किया है। डीसी राहुल हुड्डा ने बताया कि इस बारे प्रदेश सरकार की ओर से अधिसूचना जारी कर दी गई है। इससे पहले ग्रामीण स्तर पर केवल तहसीलदार के पास ही मैरिज रजिस्ट्रेशन का अधिकार था। इसी प्रकार शहरी क्षेत्रों के लिए संयुक्त आयुक्त, कार्यकारी अधिकारी, सचिव नगर समिति, तहसीलदार व नायब तहसीलदार नामित रजिस्ट्रार होंगे। मैरिज रजिस्ट्रार की संख्या बढ़ने और घर से कम दूरी के कारण अब विवाह पंजीकरण कराने वालों के लिए सुविधा के साथ-साथ समय की भी बचत होगी। सरकार ने दिसंबर 2020 में सुशासन पहल के तहत विवाह पंजीकरण पोर्टल शादी.ईदिशा.जीओवी.इन लांच किया था। डीसी ने बताया कि वर्तमान में एडीसी-सह-डीसीआरआईओएस के पास परिवार पहचान पत्र डेटाबेस में डेटा निर्माण और अपडेट से संबंधित जिम्मेदारियां दी गई हैं। विवाह पोर्टल को परिवार पहचान पत्र डेटा बेस के साथ जोड़ा गया है। विवाह पंजीकरण के लिए एडीसी सह डीसीआरआईओ पीपीपी-डीबी को जिला रजिस्ट्रार के रूप में भी नामित किया गया है। उक्त अधिकारी को ही प्रथम अपीलकर्ता प्राधिकारी की भी जिम्मेदारी दी गई है। इस प्रक्रिया से जिला स्तर पर विवाह पंजीकरण व परिवार पहचान पत्र में तालमेल बन पाएगा, जिससे नागरिक को फैमिली आईडी के साथ-साथ विवाह पंजीकरण संबंधित शिकायतों का एक ही स्थान पर समाधान हो पाएगा।

---

## नर्सरियों के माध्यम से तैयार होगी नए खिलाड़ियों की पौधः लक्ष्मण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी



खेल तथा खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश सरकार की ओर से विभिन्न खेलों के लिए नर्सरियां स्थापित की गई है। कोसली विधानसभा क्षेत्र के लिए अनेकों खेल नर्सरियां आवंटित कर दी गई है, जिसके लिए कोसली विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व खेल मंत्री संजय सिंह का आभार जताया है। कोसली विधायक यादव ने कहा कि सरकार प्रदेशभर में खेल तथा खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न योजनाएं क्रियान्वित कर रही है। जमीनी स्तर पर प्रतिभावान खिलाड़ियों को उचित मंच प्रदान करने तथा उन्हें आगे लाने के लिए तमाम खेलों की नर्सरियां शुरू करने का निर्णय लिया गया। खेल नर्सरियों के माध्यम से नए खिलाड़ियों की पौध तैयार की जाएगी। कोसली विधायक ने बताया कि कोसली क्षेत्र में वालीबॉल के लिए डहीना ब्लॉक के गांव धवाना, हॉकी के लिए डहीना ब्लॉक की ग्राम पंचायत कंवाली, कबड्डी के लिए डहीना ब्लॉक के गांव मंदोला, हैंडबॉल के लिए जाटूसाना ब्लॉक के गांव गुरावड़ा, वालीबॉल के लिए नाहड़ ब्लॉक के गांव नेहरूगढ़, हॉकी के लिए कंवाली के बालाजी इंटरनेशनल स्कूल के अलावा करावरा मानकपुर स्थित ग्लैक्सी इंटरनेशनल स्कूल में वालीबॉल की नर्सरियां स्थापित की गई है। इसके अलावा जैन कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में वालीबॉल की नर्सरी स्थापित किए जाने की हरी झंडी दी गई है।

---

## केंद्रीय मंत्री ने नपा चेयरमैन की पत्नी के निधन पर जताया शोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धारूहेड़ा



केंद्रीय योजना, कार्यक्रम क्रियान्वयन व संस्कृति मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने शुक्रवार को नगर पालिका धारूहेड़ा के चेयरमैन कंवर सिंह यादव के आवास पर पहुंचकर उनकी पत्नी कांता देवी के निधन पर शोक जताया। केंद्रीय मंत्री सिंह ने कहा कि जीवन और मृत्यु इस जीवन के दो कटु सत्य हैं। जीवन संगिनी का समय से पूर्व चले जाना केवल उसके जीवन साथी ही नहीं, अपितु पूरे परिवार के लिए किसी बड़े सदमे से कम नहीं है। धार्मिक व सामाजिक कार्यों में बढ़-चढकर भाग लेने वाली कांता देवी के असामयिक चले जाना पूरे परिवार के लिए अपूरणीय क्षति हैं। पर्यटन विभाग के पूर्व चेयरमैन डा. अरविंद यादव व कोसली विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने भी नपा चेयरमैन की पत्नी के निधन पर शोक व्यक्त किया। 62 वर्षीय कांता देवी का 5 जून को निधन हो गया था।

### बहन से मारपीट कर रहा था पति, लाने के लिए पहुंची साली को भी धुना

**रेवाड़ी।** अजय नगर में पति की पिटाई से तंग आकर मायके ले जाने के लिए महिला ने फोन पर अपनी बहन को बुलाया, तो पति ने उसे भी पीटकर घायल कर दिया। उसके बयान पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद उसकी तलाश शुरू कर दी। सिटी पुलिस को दर्ज शिकायत में गुरूग्राम के सेक्टर-108 निवासी प्रीती ने बताया कि वह एक प्राइवेट कंपनी में जॉब करती है। 12 जून को उसकी बड़ी बहन रेवाड़ी के अजय निवासी मोनिका ने उसे फोन पर बताया कि उसका पति कर्णसिंह उसके साथ मारपीट कर रहा है। वह आकर उसे अपने साथ मायके ले जाए। बहन का फोन आने के बाद वह अपने जीजा के घर पहुंच गई। प्रीती ने आरोप लगाया कि घर पहुंचते ही कर्ण ने कहा कि यह हम पति-पत्नी का मामला है। तू यहां क्यों आई है। यह कहते हुए जीजा ने उसके साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। बहन मोनिका बचाव के लिए आगे आई तो उसे भी फिर से पीटना शुरू कर दिया। दोनों बहनों ने घर से भागकर अपनी जान बचाई। इसके बाद दोनों उपचार के लिए ट्रॉमा सेंटर चली गईं। पुलिस ने उसकी शिकायत पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

---

## न्यूज डायरी

### सांसद दीपेंद्र आज कोसली में कार्यकर्ताओं से होंगे रूबरू



दीपेन्द्र हुड्डा।



अनिल पाल्हवास।

**कोसली।** सांसद बनने के बाद दीपेंद्र सिंह हुड्डा पहली बार 15 जून को कोसली के एक समारोह स्थल में कार्यकर्ताओं से रूबरू होंगे। इस दौरान पार्टी के कई वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे। कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता व कोसली हलके के नेता अनिल पाल्हावास ने बताया कि दीपेंद्र शनिवार को होने वाले कार्यकर्ता सम्मेलन में लोकसभा चुनावों में हलके से मिली जीत पर कार्यकर्ताओं और क्षेत्र के लोगों का आभार व्यक्त करेंगे। इस दौरान आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर भी वह पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं से चर्चा करेंगे। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि वह इस सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का प्रयास करें।

### नृत्य प्रतियोगिता में गव्या एवं गरिमा ने दिखाई प्रतिभा




**रेवाड़ी।** दिल्ली रोड स्थित आरपीएस स्कूल की कक्षा छठी की छात्रा गरिमा एवं कक्षा पांचवी की छात्रा गव्या ने शिमला में आयोजित राष्ट्र स्तरीय नृत्य प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता को चार श्रेणियों में विभाजित किया गया। एकल जूनियर वर्ग नृत्य प्रतियोगिता में गरिमा ने प्रथम तथा युगल शास्त्रीय नृत्य प्रतियोगिता व ग्रुप शास्त्रीय प्रतियोगिता में गरिमा और गव्या ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवं अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि पर आरपीएस ग्रुप की चेयरपर्सन डा. पवित्रा राव, सीईओ इंजी. मनीष राव, प्राचार्य विक्रम यादव, डीन ऑफ एकेडमिक ईश ढींगरा एवं प्राइमरी अध्यक्ष डा. आंचल सहित स्टाफ सदस्यों ने छात्राओं को बधाई दी तथा जीवन में इसी प्रकार सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

### बावल डीपीएस में बॉक्सिंग खेल नर्सरी का शुभारंभ



**बावल।** हरियाणा सरकार की ओर से खेल विभाग के माध्यम से खेलों को बढ़ावा देने के लिए चलाई जा रही खेल नर्सरी योजना के तहत दिल्ली पब्लिक स्कूल बावल को मुक्केबाजी की खेल नर्सरी जारी की गई है। विद्यालय निदेशक हरिओम सिवाच ने बताया कि इस सत्र में विद्यार्थियों की पढ़ाई के साथ-साथ खेलों पर विशेष ध्यान देते हुए खेल कोचों की संख्या बढाई गई है। विद्यालय ने खेल नर्सरी के लिए आवेदन किया था। जिला खेल अधिकारी मदनपाल ने सभी मापदंडो का अवलोकन करने के उपरांत विद्यालय को मुक्केबाजी खेल नर्सरी प्रदान की है। विद्यालय को खेल नर्सरी का प्रमाण पत्र मिलने के उपरांत मुक्केबाजी कोच राहुल ने विद्यार्थियों के चयन के लिए शुक्रवार को शारीरिक परीक्षा ली।

---

## इस वर्ष क्लब का यह 16वां रक्त शिविर था

# रोटरी क्लब ऑफ रेवाड़ी मेन व पंजाबी समाज ने लगाया ब्लड डोनेशन कैंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी



रेवाड़ी। सीएमओ को स्मृति चिंह भेंट करते आयोजक। फोटो : हरिभूमि

विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर रोटरी क्लब ऑफ रेवाड़ी मेन ने शुक्रवार को पंजाबी समाज के सहयोग से पंजाबी भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर का उद्घाटन सीएमओ डॉ. सुरेन्द्र यादव ने किया। पंजाबी समाज के समाजसेवी ओपी खुराना व भीम गुलाटी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस अवसर पर पंजाबी समाज के अध्यक्ष एडवोकेट सचिन मलिक ने कहा कि जून माह में रक्त बैंकों में रक्त की भारी कमी हो जाती है, इसलिए रक्तदान शिविर आयोजित करने का निर्णय लिया गया। उन्होंने शिविर में भाग लेने वाले सभी रक्तदाताओं व रोटरी क्लब के सदस्यों का आभार व्यक्त किया। पंजाबी भवन में यह पहला रक्तदान शिविर था तथा उन्होंने भविष्य में और भी शिविर आयोजित करने का आश्वासन दिया। रोटरी क्लब ऑफ रेवाड़ी मेन की अध्यक्ष ज्योति अदलखा ने कहा कि इस वर्ष क्लब का यह 16वां रक्त शिविर था तथा इन शिविरों के माध्यम से विभिन्न रक्त बैंकों के माध्यम से 2500 यूनिट से अधिक रक्त एकत्रित किया जा चुका है। मुख्यातिथि सीएमओ डॉ सुरेन्द्र यादव ने भी भविष्य में हर प्रकार का सहयोग देने का आश्वासन दिया। शिविर में 42 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। शिविर में पुष्पांजलि ब्लड बैंक की टीम ने प्रोजेक्ट चेयरपर्सन अनुराधा सैनी की देखरेख में अपनी सेवाएं दी। इस अवसर पर क्लब के नियमित रक्तदाताओं डा. नवीन पिपलानी, दीपक गुल्यानी, नरेंद्र गुगनानी, रवि ठकराल, संदीप ग्रोवर व सुनील अरोड़ा को मुख्य अतिथि ने स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। जिला चेयरमैन प्रशासन डा. नवीन अदलखा ने बताया कि लोगों में जागरूकता पैदा करने के लिए क्लब की ओर से 21 जून को विश्व योग दिवस मनाया जाएगा।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर दौलत राम चुघ, बोधराज चुघ, रितु ओबरॉय, रुचि चौहान, नरेश कालरा, हरीश मलिक, हरीश मेहंदीरत्ता, रुचि चौहान, सोनिया सलूजा, डा. अरुण गुप्ता, रवि ठकराल, लतिका गाबा, अजय अग्रवाल, संजय गेरा, परमप्रीत कालरा, अजय यादव, सुनील अरोड़ा, अनिल मखीजा, विशाल चक्रवर्ती, ज्योति गुप्ता, जे पी चौहान, अंजू सचदेवा, विपिन यादव व हेमंत अग्रवाल मौजूद थे।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं, लाली देवी पत्नी जिले सिंह निवासी गांव नेहरूगढ़, तहसील कोसली, जिला रेवाड़ी (हरि०) सूचित करती हूं कि मैंने अपना नाम बिमला देवी से बदलकर लाली देवी रख लिया है। भविष्य में सभी उद्देश्यों हेतु मुझे लाली देवी के नाम से ही जाना व पहचाना जाए।

## खबर संक्षेप

### बावल स्कूल से सिलेंडर व सामान चोरी

**बावल।** बावल के सरकारी मिडिल स्कूल के दो कमरों के ताले तोड़कर चोर गैस सिलेंडर व अन्य सामान चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत में हेडमास्टर सुनील कुमार ने बताया कि जब वह सुबह के समय वह स्कूल गया तो ऑफिस व मिड-डे मिल के ताले टूटे हुए थे। चोर दो गैस सिलेंडर, राशन का सामान, पीतल की घंटी व स्कूल का रिकॉर्ड चोरी कर ले गए। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना किया। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से पुलिस ने चोरों का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए।

### मारपीट व धमकी के चार आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** थाना सदर पुलिस ने गंगायचा अहीर में मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष के बयान पर गत 14 अप्रैल को गांव के ही कई आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करते हुए जांच शुरू की थी। इस मामले में पुलिस ने गांव निवासी महेंद्र, समयसिंह, मोहित व ऊषा देवी को गिरफ्तार किया है।

### मकान की गैलरी में खड़ी बाइक उड़ाई

**बावल।** मोहल्ला जटवाड़ा में चोर एक मकान की गैलरी में खड़ी बाइक चोरी कर ले गए। बिहार के एकडारा निवासी रोहित कुमार ने बताया कि वह एक कंपनी में काम करता है। उसने जटवाड़ा मोहल्ले में कमरा किराए पर लिया हुआ है। वह कंपनी में जाने से पहले अपनी बाइक को मकान की गैलरी में खड़ा करके गया था। कंपनी से वापस आया तो उसे बाइक गायब मिली।

### एक सप्ताह से लापता युवक का सुराग नहीं

**कुंड।** खालेटा गांव में छठी कार्यक्रम में शामिल होने के बाद लापता हुए युवक का एक सप्ताह से कोई सुराग नहीं लगा है। पुलिस शिकायत में पूनम लता ने बताया कि उसका पति राजसिंह 7 जून को जगदीश के घर पर आयोजित लड़का होने की छठी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गया था। रात को छठी कार्यक्रम में रहने के बाद वह घर नहीं लौटा। इसके बाद उसकी काफी तलाश की गई, लेकिन कोई पता नहीं चल सका।

### मारपीट के मामलों में तीन आरोपी गिरफ्तार

**कोसली।** पुलिस ने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामलों में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गत 10 मई को बहाला में मारपीट करने और तोड़फोड़ करने के मामले में पुलिस ने गांव निववासी अनिल कुमार को गिरफ्तार किया है। जुड्डी में मारपीट व धमकी के बाद 27 मई को दर्ज किए गए केस में प्रमिला व उसके बेटे हिमांशु को गिरफ्तार किया है।

### बस स्टैंड से रोडवेज कर्मचारी की बाइक चोरी

**रेवाड़ी।** सामान्य बस स्टैंड से चोर एक रोडवेज कर्मचारी की बाइक चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत में नांगल शहबाजपुर निवासी अभिषेक ने बताया कि वह रोडवेज विभाग में कर्मचारी है। ड्यूटी हैप्पी कार्ड वितरित करने के कार्य में लगी हुई है। उसने बस स्टैंड आने के बाद परिसर में ही अपनी बाइक खड़ी की थी। शाम को ड्यूटी ऑफ होने के बाद जब वह घर जाने लगा, तो उसकी बाइक वहां नहीं मिली।

# रोडवेज डिपो के बेड़े में शामिल होंगी दस बीएस-6 बसें, पलवल डिपो से भेजने का निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी

परिवहन निदेशालय की ओर से प्रदेश के सभी रोडवेज डिपो में बसों की संख्या और चालक-परिचालकों की कमी व अधिकता को देखते हुए कई रोडवेज डिपो से बसों को स्थानांतरित करने का निर्णय लिया गया है। इसी निर्णय के तहत रेवाड़ी डिपो को पलवल डिपो से अशोक लीलेंड कंपनी की 10 बीएस-6 मॉडल की बसें मिलने वाली हैं। इसके लिए मुख्यालय की ओर से शुक्रवार को पत्र जारी कर दिया गया है। इन बसों के आने से डिपो लंबे रूटों पर बसों की संख्या बढ़ाने में कामयाब रहेगा।

परिवहन विभाग की ओर से जारी किए गए पत्र के अनुसार डिपो को आधुनिक 10 बसें पलवल से देने का निर्णय लिया गया है। इसके बाद डिपो में इन बसों की संख्या बढ़कर लगभग 50 हो जाएगी। डिपो की ओर से बीएस-6 मॉडल की बसों का संचालन ज्यादातर उन रूटों पर किया जा रहा है, जो दिल्ली के रास्ते निकलते हैं। दिल्ली में प्रदूषण की समस्या को देखते हुए बीएस-6 बसों को ही प्रवेश की अनुमति है। इस समय संचालित बसों में ज्यादातर हरिद्वार, कटरा, चंडीगढ़ व दिल्ली आदि रूटों पर ही संचालित हो रही हैं। कई लंबे रूटों पर संचालित करने के लिए डिपो को अतिरिक्त बसों की दरकार की थी। इन बसों के आने के डिपो प्रबंधन की ओर से न सिर्फ वर्तमान रूटों पर बसों की संख्या बढ़ाई जा सकेगी, बल्कि नए रूटों पर भी बसों को संचालित किया जा सकेगा। इससे डिपो के राजस्व में भी वृद्धि होने की संभावना जताई जा रही है।


रेवाड़ी। रोडवेज वर्कशॉप में खड़ी बीएस-6 बसें। फोटो : हरिभूमि

### अन्य डिपो से भी बसें स्थानांतरित

रोडवेज मुख्यालय की ओर से जारी पत्रानुसार प्रदेश के 18 रोडवेज डिपो से बसों को एक-दूसरे डिपो में स्थानांतरित किया जा रहा है। इनमें बीएस-3 से लेकर बीएस-4 मानक वाली बसें भी शामिल हैं। सोनीपत से 10 बीएस-3 बसों को अंबाला व 12 बसों को जींद भेजा जाएगा। फरीदाबाद से बीएस-3 की 8 बसों को रोहतक भेजा जाएगा। गुरूग्राम से बीएस-3 की 6 बसों को नूंह, सोनीपत से बीएस-4 मॉडल की 5 बसों को रोहतक, कुरूक्षेत्र से बीएस-4 मॉडल 4 बसों को सिरसा व 10 बसों को नारनौल, जींद से बीएस-4 15 बसों को पलवल व 15 ही बसों को नूंह भेजा जाएगा। कैथल से भी बीएस-4 मॉडल चार बसों को नूंह भेजा जाएगा।

### इन डिपो से भी बसें भेजी जाएंगी

विभाग की ओर से नारनौल से बीएस-4 मॉडल 10 बसों को सिरसा, फतेहाबाद से बीएस-6 मॉडल 5 मिनी बसो को झज्जर, चरखी दादरी से बीएस-6 माडल 2 मिनी बसों को झज्जर, सिरसा से बीएस-6 मॉडल टाटा कंपनी की 10 बसों को कुरूक्षेत्र, फरीदाबाद से बीएस-6 मॉडल 20 बसों को दिल्ली डिपो स्थानांतरित किया जाएगा। रोहतक से बीएस-6 मॉडल टाटा कंपनी की 5 बसों को सोनीपत डिपो स्थानांतरित किया जाएगा।

## रात को तेज आंधी के साथ बौछारें गिरीं, अगले सप्ताह मौसम में बदलाव की उम्मीद

# मानसून से पहले शिखर पर रात का तापमान, पहली बार पारा 37 डिग्री पार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी

मानसून की दस्तक से पहले गर्मी पीक पर पहुंच गई है। लगभग डेढ़ दशक में पहली बार रात का तापमान सर्वोच्च शिखर पर पहुंचने से गर्मी लोगों की जान निकाल रही है। रात के समय तेज आंधी और कई इलाकों में बौछारें गिरने के बावजूद तापमान में कमी नहीं आई। प्री-मानसून बरसात आने वाले सप्ताह में राहत दिला सकती है। कमजोर विक्षोभ की सक्रियता से बूंदाबांदी के आसार बने हुए हैं। रात के समय आंधी आने के बाद लगभग 2 दर्जन बिजली फीडरों को बंद करना पड़ा, जिससे कई गांवों में अंधेरा छाया रहा। भारी गर्मी के बीच आसमान में बादल भी लगातार छा रहे हैं। हवा की गति 20 से 30 किलोमीटर प्रति घंटा है। बौछारें गिरने के बाद हवा में आर्द्रता का स्तर 30 फीसदी तक पहुंचने से उमस भरी गर्मी ने लोगों को जमकर परेशान किया हुआ है। शुक्रवार को करीब डेढ़ दशक बाद रात का तापमान 5.5 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि के साथ 37.5 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। अधिकतम तापमान 0.2 डिग्री की वृद्धि के साथ 44.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। गत वर्ष की तुलना में इस दिन रात का तापमान 6.7 डिग्री सेल्सियस ज्यादा दर्ज किया गया। गत वर्ष 14 जून को अधिकतम तापमान 41 और न्यूनतम 30.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। इस समय मौसम के तल्ख तेवरों के कारण भीषण लू का प्रकोप बना हुआ है। दिन-रात लोगों को गर्म हवाओं के थपेड़ों का सामना करना पड़ रहा है। जनजीवन पर भारी गर्मी का व्यापक असर देखने को मिल रहा है। दोपहर के समय तो शहरों से लेकर गांवों तक में कर्फ्यू जैसे हालात नजर आने लगते हैं। लोग अपने घरों में दुबके रहने को मजबूर हैं।


रेवाड़ी। शुक्रवार को धूप से बचाव करते सरकुलर रोड से गुजरते युवक।

### मौसम में जल्द बदलाव की संभावना

मौसम वैज्ञानिक डा. चंद्रमोहन के अनुसार इस समय गर्मी अपने चरम पर है। लोगों को भारी हीटवेव का सामना करना पड़ रहा है। शुक्रवार दोपहर बाद से कमजोर विक्षोभ के सक्रिय होने की संभावना बनी हुई है, जिससे दक्षिणी हरियाणा के कुछ हिस्सों में तेज हवाओं के साथ बूंदाबांदी होने की संभावना बन रही है। अगले सप्ताह भी कमजोर विक्षोभ की सक्रियता से आसमान में बादल छाने के बाद छिटपुट बूंदाबांदी या हल्की बरसात की संभावना है। मानसून के लिए अभी लगभग 2 सप्ताह का इंतजार करना पड़ना सकता है।

### बरसात से मौसम हुआ खुशगवार



शुक्रवार शाम को अचानक आसमान में बादल छाने के बाद करीब 20 मिनट आई तेज बरसात से मौसम खुशगवार हो गया। बरसात आने से तापमान में करीब 10 डिग्री की गिरावट आई। बरसात के बाद ठंडी हवाएं चलने से लोगों को भीषण गर्मी से काफी हद तक निजात मिली। बरसात के बाद शहर की सड़कों पर जगह-जगह जलभराव भी हो गया।

### तेज आंधी से ठप हुई बिजली व्यवस्था

वीरवार देर रात तेज आंधी के साथ कई इलाकों में गरज-चमक के साथ बौछारें गिरीं। इसके बावजूद रात के तापमान में कमी नहीं आई। रात को जिले के कई पावर सब स्टेशनों के 2 दर्जन से अधिक बिजली फीडरों को बंद करना पड़ा, जिससे 100 से अधिक गांवों में काफी समय तक ब्लैकआउट जैसे हालात बने रहे। आंधी थमने के बाद इन फीडरों को शुरू किया गया। कई फीडरों में फॉल्ट आने के कारण उन्हें शुक्रवार सुबह ही चालू किया जा सका। आंधी के कारण कई स्थानों पर बिजली के पोल गिरने की भी सूचना है। शुक्रवार को दोपहर तक आसमान साफ रहने के बाद शाम के समय एक बार फिर आसमान में बादल छा गए, जिससे बूंदाबांदी की संभावना नजर आने लगी।

### किसानों की निगाहें टिकीं आसमान पर

खरीफ की मुख्य फसल बाजरे की बिजाई का समय आ गया है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार किसान 15 जून के बाद बाजरे की अगेती बिजाई शुरू कर सकते हैं। गत वर्ष मई माह के अंत में हुई बरसात के बाद किसानों ने बाजरे की बिजाई कर दी थी। इस बार भी किसान अगेती बिजाई के लिए आसमान पर निगाहें लगाए हुए हैं। कपास की फसल को भी इस समय बरसात की आवश्यकता है। भारी गर्मी के कारण किसानों के लिए फसल बचाना मुश्किल साबित हो रहा है। अगर इस समय अच्छी बरसात होती है, तो वह किसानों के लिए लाभकारी साबित होगी।

# यूजी-पीजी के लिए ऑनलाइन एडमिशन प्रक्रिया जारी


रेवाड़ी। कृष्ण नगर स्थित रीजनल सेंटर का नया भवन। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी



भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय खानपुर कलां के जिले में कृष्ण नगर स्थित रीजनल सेंटर में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया चल रही है। विवि की कुलपति प्रो. सुदेश ने बताया कि नारी शिक्षा व सशक्तिकरण के मूल उद्देश्य के साथ आगे बढ़ाते हुए विश्वविद्यालय विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में महिला शिक्षा के लिए संकल्पबद्ध है। कृष्ण नगर स्थित रीजनल सेंटर में यूजी व पीजी की कुल 290 सीटों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यूजी पाठ्यक्रमों में 12वीं कक्षा उत्तीर्ण छात्राओं के लिए 4 वर्षीय बीए ऑनर्स मल्टीडिसीप्लिनरी में 100 सीटें, 4 वर्षीय बैचलर ऑफ फिजिकल साइंस ऑनर्स मल्टीडिसीप्लिनरी में 60 सीटें तथा 4 वर्षीय बीकॉम ऑनर्स में 60 सीटें उपलब्ध हैं। पीजी पाठ्यक्रमों के अंतर्गत एमए इंग्लिश में 30 सीटें तथा एमए पॉलिटिकल साइंस में 40 सीटें उपलब्ध हैं। कुलपति ने बताया कि छात्राओं की सुविधा के लिए महिला विश्वविद्यालय के कृष्ण नगर रीजनल सेंटर का आधुनिक नया भवन बनकर तैयार हो चुका है, जिसमें छात्राओं के लिए ई-लाइब्रेरी, कंप्यूटर व विज्ञान लैब सहित सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं।

### ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 27 जून



रीजनल सेंटर के निदेशक प्रो. बलबीर सिंह ने बताया कि कोर्सेज में ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 27 जून है। सीटों की संख्या, महत्वपूर्ण तिथियां, आवेदन फीस, कोर्स की फीस, न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता, दाखिला प्रक्रिया, प्रॉस्पेक्टस व अन्य जानकारी महिला विश्वविद्यालय की वेबसाइट बीपीएसएमवी.एसी.इन पर उपलब्ध है।

# मोटा पैसा कमाने के चक्कर में लिया कर्ज, साइबर ठगों ने 17.18 लाख ठगे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी

ऑनलाइन मोटा पैसा कमाने का लालच देकर साइबर ठग लोगों को लगातार अपने जाल में फंसा रहे हैं। पुलिस के लोगों को जागरूक करने के प्रयासों का भी कोई खास असर नहीं हो रहा है। टेलीग्राम एप पर मोटा पैसा कमाने के लालच में कान्हावास का एक युवक अपना बैंक खाता खाली करने के बाद लाखों रुपये कर्ज ले बैठा। बाद में साइबर ठगों ने उसे लगभग 17.18 लाख रुपये की ठगी का शिकार बना दिया। कसोला पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी है।

पुलिस शिकायत में एक कंपनी में काम करने वाले सुधीर कुमार ने बताया कि उसके पास गत 4 जनवरी को टेलीग्राम एप पर मैसेज आया था, जिसमें घर से काम करते हुए कमिशन देने की बात कही गई थी। उसने काम करने पर सहमति जताई तो उसे एक स्काई स्कैनर वर्ल्ड ट्रेवल नाम के व्हाट्स एप ग्रुप से जोड़ दिया गया। इस ग्रुप में 30 सदस्य हैं। उसे जॉब शुरू करने के लिए 10 हजार रुपये एक खाता नंबर में जमा कराने को कहा गया। उसने यह राशि जमा करा दी। इसके बाद उसे टिकट बुकिंग का कार्य दिया गया। कार्य पूरा करने के बाद उसे 19696 रुपये मिले। इसके बाद उसे 10 हजार रुपये और जमा कराने को कहा गया। वह राशि भी बताए गए नंबरों पर जमा करा गया। सुधीर ने बताया कि बाद में उसे गिफ्ट कूपनों का लालच देना शुरू किया गया। बार-बार उससे पैसा जमा कराया गया। उसे पहले 4.81 लाख रुपये और उसके बाद 9.56 लाख रुपये जमा कराने को कहा गया। उसके पास खाते में राशि नहीं बची थी। उसने एक दिन का समय मांगते हुए लोन लेकर यह राशि भी जमा करा दी।


रेवाड़ी। पुलिस लाइन स्थित साइबर थाना। फोटो :हरिभूमि

### पैसा निकालने को कहा तो और राशि मांगी

सुधीर ने बताया कि लगभग 17.18 लाख रुपये जमा कराने के बाद उसका बैलेंस कमिशन के साथ 20.18 लाख दिखाया गया। उसने जब यह राशि निकालने के लिए आवेदन किया तो उससे इसका 50 फीसदी हिस्सा पहले और जमा कराने के लिए कहा गया। उसने बताया कि उसके पास अब इतना पैसा नहीं है। उसे पैसा लौटाने की बजाय बार-बार उससे पैसा जमा कराने के लिए फोन किए जा रहे हैं। सुधीर ने पूरी बैंक डिटेल पुलिस को मुहैया कराई है, जिसके आधार पर केस दर्ज करते हुए पुलिस ने जांच शुरू कर दी।

### दोस्त के घर मिला लापता युवक

**रेवाड़ी।** परशुराम कॉलोनी निवासी एक युवक घर से कार एजेंसी के लिए निकलने के बाद अचानक लापता हो गया। अनिष्ट की आशंका से परिजनों की सांसें अटकी रहीं। आखिरकार तीसरे दिन वह दोस्त के घर मिला, तो परिजनों की जान में जान आई। परशुराम कॉलोनी निवासी प्रिया ने थाना मॉडल टाउन पुलिस को दर्ज शिकायत में बताया था कि उसका पति गौरव शर्मा कोर्ट परिसर में टाइप व फोटो स्टेट की दुकान चलाता है। वह 11 जून को शाम के समय दुकान से आने के बाद एक कार के शोरूम जाने की बात कहते हुए घर से निकला था। जब वह देर रात तक घर नहीं लौटा, तो परिजनों ने मोबाइल फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया। उसका फोन स्विच ऑफ आ रहा था। मॉडल टाउन पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद युवक की तलाश शुरू की थी। दूसरी ओर गौरव की पत्नी व परिजन लगातार उसकी तलाश करते रहे, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। तलाश के दौरान वीरवार देर सायं गौरव अपने दोस्त के घर मिल गया।

# यूआईडीएआई ने फिर बढ़ाई फ्री में आधार अपडेट करने की डेडलाइन

## अब 14 सितंबर तक निःशुल्क अपडेट करा सकते हैं आधार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी

यूआईडीएआई ने आमजन की सुविधा के लिए फ्री में आधार कार्ड अपडेट की तारीख बढ़ाकर 14 सितंबर कर दी है। सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में आधार कार्ड सबसे अहम दस्तावेज है और 10 साल पुराने आधार कार्ड को अपडेट करना आवश्यक है। डीसी राहुल हुड्डा ने कहा कि पहले 14 जून तक तक फ्री में आधार अपडेट किया जा सकता था, जिसे अब तीन महीने आगे बढ़ाते हुए आधार कार्ड को अपडेट करने की तिथि को 14 सितंबर तक बढ़ा दिया गया है। नागरिक स्वयं भी यूआईडीएआई.जीओवी.इन वेबसाइट पर जाकर अपना आधार कार्ड अपडेट कर सकते हैं। इसके अलावा किसी भी सीएससी व आधार सेंटर पर जाकर कराया जा सकता है।

डीसी ने कहा कि जिन व्यक्तियों ने पिछले 10 सालों में आधार कार्ड को अपडेट नहीं कराया है, वह अपने आधार कार्ड में समय रहते अपडेशन जरूर करा लें ताकि उन्हें भविष्य में सरकारी योजना का लाभ लेने व अन्य किसी प्रयोजन में परेशानी व समस्या का सामना न करना पड़े। आधार कार्ड अपडेट कराने के लिए रिहायशी प्रमाण पत्र या अन्य निर्धारित पहचान पत्र ऑनलाइन अपलोड करना होगा। उन्होंने जिला वासियों से ऑनलाइन सेवाओं का लाभ उठाने के लिए अपने मोबाइल नंबर को आधार में अपडेट रखने की सलाह दी है।




### ऐसे अपडेट करें आधार कार्ड

सबसे पहले ऑफिशियल वेबसाइट यूआईडीएआई. जीओवी.इन पर जाएं। इसके बाद अपडेट आधार के विकल्प पर क्लिक करें। अब आधार नंबर डालकर ओटीपी के जरिए लॉगिन करें। अब आपको आधार कार्ड अपडेट करने के विकल्प पर क्लिक करना होगा। एड्रेस के विकल्प का चुनाव करें।

इसके बाद प्रोसीड टू अपडेट आधार पर क्लिक करना होगा। अब अपडेट एड्रेस के संबंधित दस्तावेज अपलोड करें। अपडेट रिक्वेस्ट एक्सेप्ट होने के बाद 14 डिजिट का यूआरएन नंबर जनरेट होगा। इस नंबर को सेव कर लें. कुछ दिनों के बाद आपका आधार अपडेट हो जाएगा। रिक्वेस्ट नंबर के जरिए आप अपना आधार का स्टेटस चैक कर सकते हैं।

**राजनीति** कांग्रेस और भाजपा में बढ़ रहे टिकट के नए दावेदार, पहले भी युवा चेहरे बिगाड़ते रहे हैं दिग्गजों का गणित

# विस चुनावों को लेकर एक्टिव होने लगे नए चेहरे, अभी से बढ़ाने लगे दिग्गज नेताओं की बेचैनी

नरेन्द्र वत्स ▸▸| रेवाड़ी


मुकेश कापड़ीवास।


सृजन यादव।


महाबीर मसानी।


नीलम भगवाड़िया।


रेखा दहिया।


रमेश ठेकेदार।


अमन एम सिंह।


अनिल पाल्हावास।

लोकसभा चुनावों के बाद राजनीतिक माहौल इस समय ठंडा पड़ा हुआ है, परंतु विस चुनावों को लेकर तीनों हलकों में युवा चेहरों की सक्रियता दिग्गजों की बेचैनी अभी से बढ़ाने लगी है। लोस चुनावों से पहले जहां भाजपा में टिकटों को लेकर मारामारी के आसार बने हुए थे, वहां लोस चुनावों के बाद बढ़े हुए ग्राफ ने कांग्रेस की परिस्थितियों में भी बदलाव ला दिया है। नए व युवा चेहरे अपने राजनीतिक आकाओं से संपर्क बढ़ाने के साथ फील्ड में भी अपने साथ युवाओं को जोड़ने की मुहिम तेज कर रहे हैं। पिछले विधानसभा चुनावों के दौरान भाजपा में टिकट की कमान राव इंद्रजीत सिंह के हाथों में होने के कारण रेवाड़ी हलके से नए चेहरे के रूप में सुनील मुसेपुर ने भाजपा के सीटिंग एमएलए रणधीर सिंह कापड़ीवास को टिकट की लाइन से बाहर कर दिया था। कापड़ीवास ने काउंटर अटैक करते हुए पूरी ताकत लगाकर सुनील मुसेपुर को जीत से वंचित कर दिया था। इस बार कापड़ीवास के भतीजे मुकेश ने इस सीट पर चुनाव लड़ने के लिए जनसंपर्क अभियान तेज किया हुआ है। सुनील मुसेपुर एक बार फिर राव के सहारे टिकट की उम्मीद लगाए बैठे हैं, परंतु इस खेमे से अनिल रायपुर और अजय पटौदा दोनों ने चुनावों की जोरदार ढंग से तैयारी शुरू की हुई है। इस हलके में अभी तक पूर्व मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव का एकछत्र राज रहा है, परंतु इस बार उनके लिए बेटे को एक बार फिर से टिकट दिलाने की डगर कठिन हो सकती है। इस हलके से भूपेंद्र सिंह हुड्डा के खास समर्थक महाबीर मसानी काफी एक्टिव हैं, तो नए चेहरे के रूप में पूर्व विधायक रघु यादव के बेटे सृजन यादव को भूपेंद्र सिंह हुड्डा कांग्रेस ज्वाइन करा चुके हैं। हुड्डा के साथ राजनीतिक मतभेदों के चलते लोकसभा टिकट गंवा चुके कैप्टन अजय सिंह यादव को पहली बार बेटे चिरंजीव की टिकट के लिए जूझना पड़ सकता है।

### बावल में बनवारीलाल का पलड़ा भारी

बावल हलके में कैबिनेट मंत्री डा. बनवारीलाल का भाजपा में विकल्प बनने की सोच रहे कुछ चेहरे मैदान से आउट हो चुके हैं। विकासकार्यों की बदौलत डा. बनवारीलाल का विकल्प तलाशने की पार्टी को शायद ही कोई जरूरत पड़े। कांग्रेस में इस सीट पर पूर्व प्रत्याशी डा. एमएल रंगा की टिकट की राह काफी मुश्किल हो चुकी है। इस हलके से वरिष्ठ कांग्रेसी नेता रमेश ठेकेदार काफी एक्टिव होकर मैदान में पसीना बहा रहे हैं। पूर्व मंत्री शकुंतला भगवाड़िया की बेटी नीलम भगवाड़िया व युवा नेत्री रेखा दहिया टिकट की कतार में हैं।

### कोसली में भी बढ़ रहे टिकट के दावेदार

कोसली हलके में सीटिंग एमएलए लक्ष्मण सिंह यादव अपना मजबूत जनाधार खड़ा करने में काफी हद तक सफल साबित हुए हैं, परंतु भाजपा में नए चेहरे उनकी राह रोकने का प्रयास कर सकते हैं। युवा चेहरे के रूप में अमन एम सिंह ने एक बार फिर जनसंपर्क तेज कर दिया है। कांग्रेस में अनिल पाल्हावास की हुड्डा एंड कंपनी से नजदीकियां राव यादुवेंद्र सिंह की टिकट का रास्ता रोक सकती है। कांग्रेस में टिकट के कई अन्य दावेदार भी मौजूद हैं, परंतु इस समय अनिल का पलड़ा सबसे भारी नजर आ रहा है।

ARORA METAL & ALLOYS
We Deal in all kinds of Metal Scraps
Spl. in :
Remelted Lead (Sikka)
MS Iron Scrap
OFFICE Plot no 32, Sector 9, Phase III IMT, Bawal-123501
Prop.: Rahul Arora : +919811998149